सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-under-standing-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

R.N.I. No. RAJBIL/2023/88629

खबरों के लिए स्कैन करें


मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 2 | अंक 7 | अजमेर, बुधवार 25 सितम्बर 2024 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## सम्पादकीय

### तिरुपति में प्रसादम से खिलवाड़ आस्था पर आघात



लाखों.करोड़ों हिन्दू श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र तिरुमाला भगवान वेंकटेश्वरस्वामी मंदिर में मिलने वाले लड्डू वाले प्रसाद में घी की जगह जानवरों की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल की शर्मनाक एवं लज्जाजनक घटना ने न केवल चौंकाया है बल्कि मन्दिर व्यवस्था पर सवाल खड़े किये हैं। यह मामला जितना सनसनीखेज है उतना ही आस्था पर आघात करने वाला भी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पहले यह कहा कि तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डुओं को बनाने में ऐसी सामग्री का इस्तेमाल किया जाता थाए जिसमें पशुओं की चर्बी मिली रहती थी फिर उन्होंने गुजरात की एक सरकारी प्रयोगशाला से मिली रपट के आधार यह कहा कि लड्डुओं को बनाने में जिस घी का उपयोग होता था उसमें सचमुच पशुओं की चर्बी, मछली के तेल आदि का प्रयोग होता था। यह घटना हिन्दू आस्था पवित्रता एवं मन्दिर संस्कृति को धुंधलाने की कुचेष्ठा एवं एक विडम्बनापूर्ण त्रासदी है। अगर प्रसाद के मिलावटी एवं अपवित्र होने की बात सही है तो इससे अधिक आघातकारी, अनैतिक एवं अधार्मिक और कुछ हो ही नहीं सकता। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रसाद के तौर इन लड्डुओं का वितरण न केवल श्रद्धालुओं के बीच किया गया बल्कि भगवान को भी भोग के तौर पर यही लड्डू चढ़ाया जाता था। अब इस मामले में केंद्र सरकार एवं प्रांत सरकार के दखल देने मात्र से संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता क्योंकि हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ करने वाला यह प्रकरण अक्षम्य अपराध है जिसकी गहन जांच होनी ही चाहिएए ताकि ऐसे जघन्य कृत्य अन्य मन्दिरों की अस्मिता के धुंधलाने के कारण न बने।

प्रथम दृष्टया मंदिर प्रबंधन प्रसादम से खिलवाड़ का दोषी है। जो मंदिर प्रतिदिन तीन लाख लड्डू बेचकर सालाना 500 करोड़ रुपये तक लाभ कमाता है वह क्या इतना सक्षम नहीं कि गुणवत्ता जांच के लिए एक किफायत्ती प्रयोगशाला ही बना ले मंदिर प्रबंधन के पास न तो अपनी जांच सुविधाएं हैं और न वह जांच कराने का इच्छुक थाघ् देश के संपन्नतम मंदिरों में शुमार यह तीर्थ अगर गुणवत्ता आस्था एवं पवित्रता से समझौता कर रहा है तो देश के बाकी मंदिरों में क्या हो रहा होगाए सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। मन्दिरों एवं आस्थास्थलों पर दिनोंदिन बढ़ रही श्रद्धालुओं की आस्था एवं भीड़ से आर्थिक लाभ कमाने की मानसिकता न केवल घिनौनी है बल्कि शर्मनाक भी है। मंदिर तो भगवान भरोसे चल रहे हैं पर मन्दिर.प्रबंधन स्वयं को अर्थपति बनाने में जुटा है यही कारण है कि मन्दिर को धंधा बना दिया गया है ऐसे मन्दिर प्रबंधकों पूजारियों एवं पदाधिकारियों की श्रद्धा न तो भगवान के प्रति है और न भक्तों के प्रति। वे तमाम मंदिर जो अपने यहां से प्रसाद वितरित करते हैं या बेचते हैंए उन सभी को गुणवत्ता शुद्धता एवं पवित्रता जांच की व्यवस्था जरूर करनी चाहिए।एक बड़ा सवाल यह है कि ये कौन लोग हैं जिन्हें पवित्रता एवं जन.आस्था की परवाह नहीं है। मंदिर ट्रस्ट ने प्रसादम से खिलवाड़ और मिलावट की पुष्टि की है। देश के एक पवित्रम श्रद्धा केंद्र तिरुपति मंदिर का प्रबंधन करने वाली संस्था तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने कहा है कि घी के आपूर्तिकर्ताओं ने मंदिर में गुणवत्ता जांच की सुविधा न होने का फायदा उठाया है। अब सवाल उठता है कि मंदिर प्रबंधन की सफाई या स्वीकारोक्ति को कितनी गंभीरता से लिया जाए् क्या मंदिर प्रबंधन को अपराध की गंभीरता का अंदाजा है क्या मंदिर प्रबंधन को मंदिर की पवित्रता का अनुमान है देश एवं दुनिया के सबसे चर्चित आस्थास्थल से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई जरूरी है।

## आरएएस भर्ती परीक्षा पेपर लीक के आरोपी व्याख्याता बर्खास्त



अजमेर/जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सरकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में शुचिता लाने की नीति के तहत राजस्थान प्रशासनिक सेवा आरएएस प्रारंभिक परीक्षा-2013 में पर्चा लीक करने वाले आरोपी व्याख्याता को राजकीय सेवा से बर्खास्त करने का निर्णय लिया है।यह कार्रवाई राजकीय सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों पर रोकद्ध अधिनियम 1992 के तहत की गई है।इसी तरह मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 17ए के तहत जल जीवन मिशन मामले में 12 अधिकारियों के विरूद्ध परिवाद दर्ज कर विस्तृत जांच एवं अनुसंधान के लिए पूर्वानुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री शर्मा ने सेवारत एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों के विरूद्ध नियम 16 सीसीए में संचालित अनुशासनात्मक कार्रवाई के चार मामलों में प्रमाणित आरोपों का अनुमोदन करते हुए सेवारत अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकने का निर्णय भी लिया है।

### आरपीएससी की चारदीवारी से 300 मीटर परिधि क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू



अजमेर। जिला मजिस्ट्रेट लोक बन्धु ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत राजस्थान लोक सेवा कार्यालय अजमेर की बाह्य चारदीवारी से तीन सौ मीटर परिधि क्षेत्र की सीमाओं के अन्दर आगामी 60 दिवस के लिए निषेधाज्ञा लागू की गई है। प्रतिबंधित क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एकत्र होकर किसी भी प्रकार का जमाव, धरना, प्रदर्शन, नारेबाजी नहीं कर पाएंगे ना ही प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग कर सकेंगे।

### श्री पुष्कर पशु मेला-2024 का ध्वजारोहण 9 नवम्बर को

अजमेर। श्री पुष्कर पशु मेला.2024 के अन्तर्गत ध्वजारोहण कार्तिक शुक्ल अष्टमी शनिवार 9 नवम्बर को किया जाएगा। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सुनिल घीया ने बताया कि श्री पुष्कर पशु मेला-2024 की सम्पूर्ण मेला अवधि कार्तिक शुक्ल एकम् शनिवार 2 नवम्बर से मार्गशीर्ष कृष्ण दूज रविवार 17 नवम्बर तक होगी। श्री पुष्कर पशु मेला कार्यालय की स्थापना कार्तिक शुक्ल एकम शनिवार 2 नवम्बर को की जाएगी। विभिन्न स्थानों पर चौकियां कार्तिक शुक्ल तृतीया सोमवार 4 नवम्बर से स्थापित की होगी। श्री पुष्कर पशु मेला.2024 का औपचारिक शुभारम्भ ध्वजारोहण के साथ कार्तिक शुक्ल अष्टमी शनिवार 9 नवम्बर को होगा।उन्होंने बताया कि सफेद चिट्ठी कार्तिक शुक्ल अष्टमी शनिवार 9 नवम्बर तथा रवन्ना कार्तिक शुक्ल नवमी रविवार 10 नवम्बर को जारी होगा। विकास प्रदर्शनी एवं गीर प्रदर्शनी के उद्घाटन के लिए कार्तिक शुक्ल एकादशी मंगलवार 12 नवम्बर का निर्धारण किया गया है।सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी गुरूवार 14 नवम्बर के मध्य होगा। पुरस्कार वितरण समारोह कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा शुक्रवार 15 नवम्बर को होगा। मेले का समापन मार्गशीर्ष कृष्ण दूज रविवार 17 नवम्बर को होगा।


## कांग्रेस के झूठ को अब लोग नहीं मानते -अश्विनी वैष्णव



जयपुर। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कांग्रेस पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 संविधान की व्यवस्था के तहत पूरी तरह समाप्त हो चुकी है और उसके वापस आने की कोई संभावना नहीं है। वैष्णव ने मंगलवार को यहां मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 एक अस्थाई व्यवस्था थी जो पूरी तरह समाप्त हो चुकी है और अब उसके वापस आने की कोई संभावना नहीं है। अगर कोई विपक्षी दल यह बोल रहा है तो वह भ्रम फैला रहा है उसकी बातों पर विश्वास नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रयासों एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प से जम्मू और कश्मीर में सभी नागरिक भारत के संविधान के अनुसार एक मजबूत राष्ट्र के लोकतंत्र की प्रक्रिया में अपनी भागीदारी निभा रहे है।आरक्षण को लेकर कांग्रेस नेताओं के बयान के सवाल पर वैष्णव ने कहा कि झूठ की हांडी काठ की हांडी की तरह होती है और वह बार बार नहीं चढ़ती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के झूठ और भ्रम फैलाने के उसके सिस्टम को लोगों ने समझ लिया है और अब उसकी कोई नहीं मानता है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के समय राजस्थान जैसे महत्वपूर्ण प्रदेश को रेलवे के विकास के लिए 682 करोड़ रुपए साल के मिल रहे थे जबकि आज मोदी राजस्थान को 9960 करोड़ रुपए का बजट रेलवे विकास के लिए आवंटन किया है और इसके कारण पूरे प्रदेश में रेलवे को विकसित करने का काम अच्छा एवं तेजी से चल रहा है तथा 85 रेलवे स्टेशन नए तरीके से बन रहे है।हरियाणा और जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बारे में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि वहां चुनाव परिणाम अच्छे आएंगे।

## कोर्ट के आदेश पर सिरोही जिला कलेक्टर का वाहन हुआ कुर्क

सिरोही। कोर्ट के आदेश पर जारी वारंट पर न्यायालय कर्मियों ने मंगलवार को सिरोही के सबसे बड़े राजस्व अधिकारी जिला कलेक्टर की आधिकारिक गाड़ी को कुर्क कर लिया। अपने आपमें इस अनूठी घटना की सूचना मिलने पर कलेक्टर कार्यालय के बाहर लोगों का मजमा लग गया।जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के कार्यकाल में मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सिरोही और पिंडवाड़ा में फ्लैट्स बनाए गए थे। इन फ्लेटों को लॉटरी के माध्यम से अलॉट किया गया था। लॉटरी से पहले आवेदकों से और लॉटरी खुलने के बाद आवंटियों से सरकार ने राशि जमा करवाई थी।इसके बाद भी कई साल बीतने पर भी इन फ्लेटों के कब्जे आवंटियों को नहीं दिया गए। यही नहीं कब्जा नहीं देने की स्थिति में आवंटियों ने सरकार से उनकी राशि लौटाने का आवेदन किया तो राशि भी उन्हें लौटाई नहीं जा रही थी। इस कारण आवंटी सोनू कंवर ने अपनी राशि लौटाने को लेकर सिरोही की स्थायी लोक अदालत में परिवाद दायर किया था।इसमें नगर परिषद पिंडवाड़ा और जिला कलेक्टर को भी पार्टी बनाया था।




न्यायालय के द्वारा 26 जनवरी 2024 को सोनू कंवर के पक्ष में अवार्ड जारी करने का आदेश हुआ। कलेक्टर के द्वारा सोनू कंवर के 4 लाख 60 हजार 908 रुपए का अवार्ड निर्धारित समय पर नहीं दिए जाने पर 18 मार्च 2024 को न्यायालय में उनके द्वारा जारी किए गए अवार्ड को दिलवाने अनुरोध किया गया।इसके बाद भी जिला कलेक्टर के द्वारा सोनू कंवर को उक्त राशि और ब्याज नहीं लौटाने पर न्यायालय ने कलेक्टर की कार का कुर्की आदेश जारी किया। अधिवक्ता भैरूपाल सिंह ने बताया कि जिला कलेक्टर ने इस आगे कार्रवाई करने को कहा था लेकिन पैसा नहीं लौटाने पर ये कार्रवाई हुई।जिसके बाद न्यायालय के सेल अमीन ने कलेक्टर कार्यालय के बेहद खड़ी कलेक्टर की कार संख्या आरजे 23 यूए 2355 को कुर्क करके न्यायालय के अधीन कर लिया। बिना न्यायालय की अनुमति के इस वाहन को उपयोग नहीं करने के आदेश जारी किए और नोटिस कार पर चस्पा कर दिया।जब ये कार्रवाई हो रही थी उस समय कलक्टर अल्पा चौधरी अपने कार्यालय में ही थीं। उसी समय उनके कार्यालय का बाहर पोर्च में खड़ी कार को कुर्क कर लिया गया। निर्णय से लेकर इजराय तक का पूरा प्रकरण पूर्व कलेक्टर शुभम चौधरी के समय का है। इस कर्रवाई से ये अंदाजा लगाना कोई मुश्किल नहीं ही कि न्यायालय के निर्णयों और अनुपालना को आधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे थे वो जिले के सामान्य नागरिकों को कितनी गंभीरता से ले रहा होंगे।

# राजनाथ सिंह ने जयपुर में नए सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में देश भर में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर में सैनिक स्कूल का औपचारिक उद्घाटन किया।



रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मंत्रालय ने राज्य सरकारों गैर सरकारी संगठनों और निजी स्कूलों के साथ सहयोग से इन 100 स्कूलों में से 45 को मंजूरी दे दी है और इनमें से चालीस स्कूलों का संचालन शुरू हो गया है। सैनिक स्कूल जयपुर इन 40 स्कूलों में से एक है। रक्षा मंत्री ने विश्वास जताया कि यह स्कूल राज्य के देशभक्त युवाओं के लिए वरदान साबित होगा क्योंकि उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने और राष्ट्र की सेवा करने के लिए उचित मार्गदर्शन तथा आवश्यक बुनियादी ढांचा प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राजस्थान महाराणा प्रताप, पृथ्वीराज चौहान, महाराज सूरजमल और सवाई जय सिंह जैसे शूरवीरों की भूमि है। ये युवा पीढ़ी के लिए सेना में शामिल होने के लिए प्रेरणा हैं। यह नया सैनिक स्कूल उन्हें अपनी मातृभूमि की सेवा करने की दिशा प्रदान करेगा। सिंह ने कहा कि पीपीपी.मॉडल को आम तौर पर सार्वजनिक.निजी भागीदारी के रूप में माना जाता हैए लेकिन यह सहयोग अब अपनी मानक परिभाषा से दूर जा रहा हैए और अब इसे निजी.सार्वजनिक.साझेदारी के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र अब देश की अर्थव्यवस्था के चालक की सीट पर है जो कृषि विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इन नए सैनिक स्कूलों के माध्यम सेए निजी और सार्वजनिक क्षेत्र एक साथ आएंगे और हमारी भावी पीढ़ियों को सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करेंगे।

रक्षा मंत्री ने कहा कि मौजूदा सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी सैनिक स्कूलए रीवा के प्रतिभाशाली छात्र हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ सशस्त्र बल ही नहींए सैनिक स्कूलों के छात्र कोई अन्य करियर चुन सकते हैं और अपने तरीके से देश की सेवा कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे कभी हार न मानें और अपने इच्छित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करते रहें। साझेदारी मोड में चलाए जाने वाले 100 नए सैनिक स्कूल मौजूदा 33 सैनिक स्कूलों से अलग हैं जो पहले से ही पूर्ववर्ती पैटर्न के तहत काम कर रहे हैं। ये नए स्कूल, संबंधित शिक्षा बोर्डों से संबद्धता के अलावा सैनिक स्कूल सोसायटी के तत्वावधान में कार्य करेंगे और इसके नियमों और विनियमों का पालन करेंगे। वे अपने नियमित संबद्ध बोर्ड पाठ्यक्रम के अलावा सैनिक स्कूल पैटर्न के छात्रों को अकादमिक प्लस पाठ्यक्रम की शिक्षा प्रदान करेंगे। इस पाठ्यक्रम में लैंगिक समानता और पर्यावरण संरक्षण, कौशल.आधारित प्रशिक्षण, पाठ्येतर गतिविधियां, सामुदायिक सेवा, शारीरिक प्रशिक्षण, एनसीसी पर्यटन और भ्रमण और प्रेरक वार्ता जैसी मूल्य.आधारित पहल शामिल हैं। अकादमिक प्लस पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्रों का समग्र विकास सुनिश्चित करना है ताकि उन्हें राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने वाला सदस्य बनाया जा सके। सैनिक स्कूल सोसायटी रक्षा मंत्रालय ने पिछले वर्ष सितंबर में भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल जयपुर में नए सैनिक स्कूल की स्थापना के लिए श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ;सेवानिवृत्त सैनिक स्कूल जयपुर के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में से थे।

## महेश बाबू ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दान दिए 50 लाख

हैदराबाद। टॉलीवुड अभिनेता महेश बाबू ने सोमवार को तेलंगाना में बाढ़ राहत प्रयासों में मदद के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में 50 लाख रुपए दान किए। महेश बाबू और उनकी पत्नी नम्रता शिरोडकर ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को उनके जुबली हिल्स स्थित आवास पर चेक भेंट किया। महेश बाबू ने शहर के गाचीबोवली में सारथ सिटी कैपिटल मॉल स्थित अपने स्वामित्व वाले एएमबी सिनेमा की ओर से 10 लाख रुपये और दान किए।

## कुलगाम में आवासीय मकान, दो गौशालाएं जलकर नष्ट

श्रीनगर। दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम जिले में भीषण आग लगने में दो आवासीय घर और दो गौशालाएं जलकर नष्ट हो गईं। अग्निशमन एवं आपातकालीन अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि रविवार देर शाम गांव अश्मुजी इलाके में दो मंजिला एक घर में आग लग गई जिसमें एक और घर चपेट में आ गया। इसके अलावा दो गौशाला भी नष्ट हो गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।घटना में किसी की जान जाने या किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## पालघर में किशोरी को ब्लैकमेल कर गैंगरेप, एक अरेस्ट

मुंबई। महाराष्ट्र के पड़ोसी जिले पालघर के नालासोपारा इलाके में एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने मंगलवार को बताया कि यह मामला दुष्कर्म और ब्लैकमेल दोनों का है। आरोपी अनीस शेख और के जैन ने अपराध को अंजाम देते समय वीडियो बनाया और पीड़िता को धमकी दी कि अगर वह पुलिस के पास जाती है तो वे वीडियो जारी कर देंगे।बाद में अचोले थाना ने पीड़िता के बयान के आधार पर दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के साथ.साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम ;पॉक्सो अधिनियम के कई प्रावधानों का उल्लंघन करने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

# सुप्रीमकोर्ट का ऐतिहासिक फैसला: चाइल्ड पोर्नोग्राफी रखना देखना अपराध

**◆ मद्रास उच्च न्यायालय का फैसला पलटा ◆ सरकार को अध्यादेश जारी करने की सलाह**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने एक ऐतिहासिक फैसले में कहा कि बच्चों के साथ यौन.क्रिया के स्पष्ट चित्रण और उनसे संबंधित अपमानजनक सामग्री को रखना या देखना यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम ;पोक्सो कानून के अलावा सूचना एवं तकनीकी कानून के तहत भी अपराध माना जाएगा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने गैर सरकारी संगठन जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस की अपील और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के हस्तक्षेप पर इस विषय में मद्रास उच्च न्यायालय के एक फैसले को पलटते हुए नए दिशा निर्देश जारी किए हैं। पीठ ने अपने फैसले में केंद्र सरकार को बाल पोर्नोग्राफी शब्द की जगह संशोधित शब्दावली. बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री रखने के लिए जरूरी प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए हैं। पीठ ने कहा है कि संसद को ऐसे अपराधों की वास्तविकता को अधिक सटीक रूप से दर्शाने के उद्देश्य से बाल पोर्नोग्राफी शब्दावली को बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री शब्दावली से प्रतिस्थापित करने के उद्देश्य से पोक्सो में संशोधन लाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि इस संशोधन के लिए फिलहाल सरकार अध्यादेश जारी कर सकती है। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही देश में यौन शिक्षा कार्यक्रमों को व्यापक रूप से लागू करने का भी सुझाव दियाए जिसमें नाबालिगों के साथ रतिक्रिया के चित्रण के कानूनी और नैतिक नतीजों की भी जानकारी शामिल की जाए।पीठ को उम्मीद है कि इससे संभावित अपराधों को रोकने में मदद मिल सकती है। यौन शिक्षा जैसे कार्यक्रमों के संबंध में जनसामान्य के बीच भ्रामक सोच को दूर किया जाना चाहिए और युवाओं को यौन सहमति और यौन शोषण के प्रभाव की स्पष्ट समझ करायी जानी चाहिए।

पीठ ने केंद्र सरकार को एक विशेषज्ञ समिति के गठन पर विचार करने के सुझाव का भी समर्थन किया है जो स्वास्थ्य और यौन शिक्षा के लिए एक व्यापक कार्यक्रम या तंत्र तैयार करने की सिफारिश कर सकती है। अदालत ने पूरे देश में बच्चों को कम उम्र से ही पोक्सो के बारे में जागरूक बनाने पर जोर दिया है ताकि बाल संरक्षणए शिक्षा और यौन कल्याण के लिए एक मजबूत और सुविचारित दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके।शीर्ष अदालत ने यह भी माना है कि यदि सोशल मीडिया मंच



सरकार या उसकी एजेंसियों द्वारा समुचित रूप से बाल यौन सामग्री के रूप में अधिसूचित आपत्ति जनक समग्री को साक्ष्य को अप्रभावित रखते हुए अपने मंच से शीघ्रता पूर्वक नहीं हटाते हैं तो ऐसे मंचों को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 79 के तहत दी गई सुरक्षा का लाभ नहीं मिलेगा। ऐसे मंचों द्वारा नियंत्रित कंप्यूटर संसाधन में मौजूद या उससे जुड़ी किसी भी सूचनाए डेटा या संचार लिंक का उपयोग गैरकानूनी कार्य करने के लिए किया जा रहा है तो भी उन्हें आईटी अधिनियम की उपरोक्त धारा का संरक्षण नहीं मिलेगा। मद्रास उच्च न्यायालय के 11 जनवरी 2024 के अपने फैसले में एस हरीश नाम के एक आरोपित व्यक्ति के खिलाफ दायर एक प्राथमिकी और आरोप पत्र को खारिज कर दिया था। प्राथमिकी में आरोप था कि हरीश को अपने मोबाइल फोन पर बच्चों के शोषण से संबंधित और अपमानजनक सामग्री देखते हुए पाया गया था। मद्रास उच्च न्यायालय ने माना था कि यद्यपि यौन गतिविधि में लिप्त बच्चों को दिखाने वाले दो वीडियो आरोपी के मोबाइल फोन में डाउनलोड और संग्रहीत पाए गए थे और यह मानते हुए कि उसने वही देखा थाए फिर भी यह पोक्सो की धारा 14;1 के तहत अपराध नहीं बनता।उच्च न्यायालय ने यह भी कहा था कि बिना किसी प्रसारण या प्रकाशन के बाल पोर्नोग्राफी को देखना या डाउनलोड करना आईटी अधिनियम की धारा 67 बी के दायरे में नहीं आता है। एनजीओ जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस ने उच्च न्यायालय के इस फैसले की वैधता को चुनौती दी थी। उसकी ओर से उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एच एस फुल्का अदालत में खड़े थे। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता स्वरूपमा चतुर्वेदी ने हस्तक्षेप किया।

शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि पोक्सो की धारा 15 में तीन अलग.अलग अपराधों का प्रावधान हैए जिसकी उपधारा 1ए, 2 या 3 के तहत निर्दिष्ट किसी विशेष इरादे से बाल यौन सामग्री के भंडारण या कब्जे में रखने को दंडनीय अपराध माना गया है।शीर्ष अदालत ने कहा कि पुलिस और अदालतें किसी भी बाल पोर्नोग्राफी के भंडारण या उसके कब्जे से जुड़े किसी भी मामले की जांच करते समय पाती हैं कि उसमें धारा 15 की कोई विशेष उप.धारा लागू नहीं होती हैए तो उन्हें इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचना चाहिए कि पोक्सो की धारा 15 के तहत कोई अपराध नहीं बनता है।


अदालत ने कहा है कि ऐसे मामले में उन्हें यह पता लगाने की कोशिश करनी चाहिए कि क्या वह मामला पोक्सो की किन्हीं अन्य उप.धारा के अंतर्गत आता है या नहीं। अपने निर्णय में पीठ ने कहा है कि यौन क्रिया के किसी भी स्पष्ट कृत्य के चित्रण में कोई विवेकशील व्यक्ति यदि प्रथम दृष्टया मानता है कि उसमें किसी बच्चे को दर्शाया गया है या उसमें कोई बच्चा शामिल है उसे बाल पोर्नोग्राफी माना जाएगा।शीर्ष अदालत ने कहा है कि ऐसी सामग्री के बारे में संतुष्टि फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला रिपोर्ट या संबंधित सामग्री पर किसी विशेषज्ञ की राय या न्यायालयों द्वारा स्वयं ऐसी सामग्री के मूल्यांकन से प्राप्त की जा सकती है।न्यायालय ने यह भी कहा कि आईटी अधिनियम की धारा 67बी एक व्यापक प्रावधान हैए जिसे बच्चों के ऑनलाइन शोषण और दुर्व्यवहार के विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक रूपों को देखने और दंडित करने के लिए तैयार किया गया है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि यह ;धाराद्ध न केवल बाल पोर्नोग्राफ़िक सामग्री के इलेक्ट्रॉनिक प्रसार को दंडित करती है बल्कि ऐसी सामग्री के निर्माण कब्जे ;अपने पास रखने प्रचार और उपभोग के साथ.साथ ऑनलाइन यौन अपमान और बच्चों के शोषण के विभिन्न प्रकार के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कृत्यों को भी दंडित करती है।

पीठ ने कहा कि आईटी अधिनियम की धारा 67, 67 और 67बी क्रमशः एक पूर्ण संहिता हैं। इन धाराओं की व्याख्या ऐसे उद्देश्यपूर्ण तरीके से की जानी चाहिए जिससे शरारतों पर रोक लगे तथा बच्चों से संबंधित विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों तथा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के जरिये अश्लील सामग्री के उपयोग को दंडित करने के विधायी उद्देश्य और प्रावधान बेकार न हो। बाल पोर्नोग्राफ़ी शब्द के उपयोग के संबंध में अदालत ने यह महसूस किया कि इस शब्दावली का प्रयोग अपराध को गौण बना सकता हैए क्योंकि पोर्नोग्राफ़ी को अक्सर वयस्कों के बीच सहमति से किया गया कार्य माना जाता है। अदालत की राय में यह शब्दावली किसी की पीड़ा की भावना को कमज़ोर करने वाली है। न्यायालय का मानना है कि पोक्सो कानून में बच्चों के साथ यौन शोषण और दुर्व्यवहार के लिए बाल पोर्नोग्राफी की जगह बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री ;सीएसईएएम सही होगा।

## रेलवे का गैंगमेन साबिर ही डिटोनेटर ब्लास्ट कर उडाना चाहता था ट्रेन

खण्डवा। मध्यप्रदेश के खंडवा में इटारसी-भुसावल रेलवे ट्रेक पर डिटोनेटर ब्लास्ट मामले में रेलवे सुरक्षा बल ने रेलवे के ही एक गैंगमेन साबिर को गिरफ्तार कर लिया है।भुसावल रेल मंडल के प्रवक्ता डॉ स्वप्निल के मुताबिक मध्यरेलवे के भुसावल मंडल में नेपानगर और खण्डवा के बीच सागफाटा स्टेशन के पास में कुछ डिटोनेटर ट्रेक के पास लगाने का मामला 18 सितंबर को सामने आया था इस घटना में जो डिटोनेटर इस्तेमाल किए गए है ये रेलवे के कार्य में रेग्युलर इस्तेमाल होते हैं।



इन्हें पटाखे बोला जाता है जब ये फटते है तो इससे बहुत तेज आवाज़ होती है। इससे चालक को आगे के व्यवधान के बारे में संकेत मिल जाते है। अक्सर कोहरे के दौरान धुंध में जब सिग्नल नहीं दिखते तब भी इनका इस्तेमाल होता है।उन्होंने बताया कि इस डिटोनेटर को उस समय सागफाटा स्टेशन पर लगाने का कोई औचित्य नहीं था इसलिए आरपीएफद्वारा गहन जांच की जा रही है कि इसे किसने और क्यों लगाया।उन्होंने बताया कि आरपीएफने जब इस मामले में पड़ताल की तो गेंगमेन साबिर को पकड़कर जब पूछताछ की गई तो उसने यह स्वीकार किया कि उसके द्वारा ही डिटोनेटर रखे गए थे लेकिन इसके पीछे क्या मक़सद तथा यह स्पष्ट नहीं हो सका है। रेलवे सुरक्षा बल ने साबिर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज गिरफ्तार कर लिया है।

# गुजरात की रिया सिंघा बनीं मिस यूनिवर्स इंडिया 2024




जयपुर। गुजरात की रिया सिंघा मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 की विजेता बन गई हैं। मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का ग्रैंड फिनाले रविवार को राजस्थान के जयपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश भर से चुनी गई 51 फ़ाइनलिस्टों ने एक से बढ़कर एक जबरदस्त परफॉर्मेंस दी।51 फ़ाइनलिस्टों में पहले दो राउंड के बाद से टॉप 20 फाइनलिस्ट चुनी गई। दिल्ली की प्रांजल प्रिया को हराकर गुजरात की रिया सिंघा ने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 एवं बॉलीवुड स्टार उर्वशी रौतेला ने रिया सिंघा को मिस यूनिवर्स इंडिया का ताज पहनाया। रिया इस वर्ष मैक्सिको में होने वाले मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। रिया ने इस अवसर पर कहा कि मैंने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब जीत लिया है। मैंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की है जहां मैं खुद को इस ताज के लायक समझ सकती हूं। मैं पिछले विजेताओं से बहुत प्रेरित हूं।कार्यक्रम में जज के रूप में मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 के डायरेक्टर निखिल आनंद, बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला फ़िलीपींस के जाने माने फैशन डिजाइनर ग्युयें कुयन्ह रियान फर्नांडिस एवं राजीव श्रीवास्तव थे।उर्वशी रौतेला ने कहा कि आज इस शानदार कार्यक्रम में जज की भूमिका में शामिल ही कर गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। आज हर एक प्रतिभागियों में मै अपने आप को देख रही हूं क्योंकि कभी मैं भी इस प्रतियोगिता का हिस्सा रह चुकी हूं। पूरे परिवार के सपोर्ट से मैंने एक बेहतर मुकाम पाया। गौरतलब है कि तीन भारतीय सुंदरियों ने मिस यूनिवर्स का ताज जीता हैए जिसमें वर्ष 1994 में सुष्मिता सेनए वर्ष 2000 में लारा दत्ता और वर्ष 2022 में हरनाज़ संधू शामिल है।

# पूर्व विश्वसुंदरी ऐश्वर्या राय ने पेरिस फैशन वीक में बिखेरा जलवा

पेरिस। बॉलीवुड स्टार एवं पूर्व विश्वसुंदरी ऐश्वर्या राय बच्चन ने पेरिस फैशन वीक में जलवा बिखेर दिया।पेरिस फैशन वीक में ऐश्वर्या रायए सौंदर्य की दिग्गज कंपनी लोरियल के अम्बेस्डर के रूप में उपस्थित हुईं। बैलून हेम रेड ड्रेस पहने जोधा अकबर स्टार ने अपने





आकर्षक लुक से एक बार फिर साबित कर दिया कि उन्हें रैंप की रानी क्यों कहा जाता है। ऐश्वर्या ने बहुत ही लाइट मेकअप के साथ बालों को खुला रखा और बोल्ड रेड लिप शेड के साथ अपने लुक में चार चांद लगा दिए। वह लोरियल पेरिस का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहद आत्मविश्वास और शालीनता के साथ रनवे पर चलीं। उन्होंने वॉक के बाद अपनी भारतीय परंपरा को बरक़रार रखते हुये फ्रांसीसी दर्शकों का अभिवादन नमस्ते के साथ किया।ऐश्वर्या राय बच्चन ने पेरिस फैशन वीक 2024 में शानदार एंट्री कीए और लोरियल पेरिस के लिए रनवे पर बिल्कुल आइकॉनिक स्टाइल में वॉक किया। ऐश्वर्या ने अपने हॉट लुक से महफ़िल लूट ली। पेरिस फैशन वीक 2024 में ऐश्वर्या की बेटी आराध्या भी नजर आईं।

# सीपी जोशी ने की राहुल गांधी का पासपोर्ट निरस्त करने की मांग

जयपुर। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सीपी



जोशी ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी का पासपोर्ट निरस्त करने की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मांग की है।जोशी ने मंगलवार को बिरला को पत्र लिखकर यह मांग की। उन्होंने राहुल गांधी पर आरोप लगाते हुए पत्र में लिखा कि उनका नेता विपक्ष के पद पर रहना देश की सुरक्षा के लिए खतरा है और उनकी गतिविधियों को देखकर यह स्पष्ट हो जाता है वह देश विरोधी ताकतों के हाथों खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के बयानों को देश और दुनिया के इतिहास और वर्तमान के परिपेक्ष में देखा जाना चाहिए क्योंकि वह एक जिम्मेदार पद पर हैं और ऐसी पार्टी और परिवार से आते हैं जिसने दशकों तक देश की सत्ता की बागडोर संभाली है।उन्होंने लिखा कि विदेश की धरती पर राहुल गांधी के दिए बयान किसी भी तरह से एक जिम्मेदार भारतीय नागरिक के तौर पर सही नहीं हैं। उनके बयान राजनीतिक नहीं बल्कि विशुद्ध तौर पर देश विरोधी गतिविधियों के दायरे में आते हैं जो उनके आचरण को संदिग्ध बनाता है।उनके बयानों से देश की आंतरिक स्थिरता और सीमाओं की सुरक्षा के अलावा अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर भी असर पड़ सकता है क्योंकि वह नेता विपक्ष के पद का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। जोशी ने अपने पत्र में इसी तरह अन्य कई बातें लिखते हुए बिरला से राहुल गांधी का पासपोर्ट निरस्त करने का अनुरोध करते हुए कहा कि उनके बयानों से लगता है कि वह एक तयशुदा एजेंडे पर चल रहे हैं जो भारत सरकार की अंतरराष्ट्रीय नीतियों के विपरीत है। उन्होंने पत्र में लिखा कि इस तरह के आधारहीन और देश की छवि को धूमिल करने वाले बयानों को अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे में नहीं देखा जा सकता ऐसे में यह जरुरी हो जाता है कि राहुल गांधी को नेता विपक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद से इस्तीफ़ा देना चाहिए।अगर वह इन बातों के बावजूद नेता विपक्ष के पद पर बने रहना चाहते हैं तो उनका पासपोर्ट रद्द किया जाना चाहिए। ताकि वह भविष्य में विदेश की जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी मुहिम अथवा एजेंडे चलाने के लिए नहीं कर सके।

# केजरीवाल की कुर्सी खाली छोड़ अन्य कुर्सी पर बैठ कर सरकार चलाएंगी आतिशी



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को कार्यभार संभालने के बाद कहा कि चार महीने बाद दिल्ली के लोग अपने प्यार और भरोसे के साथ दोबारा अरविंद केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाएंगे तब तक उनकी कुर्सी उनका इंतज़ार करेगी तथा वह किसी अन्य कुर्सी पर बैठकर सरकार चलाएंगी। आतिशी ने मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से कहा कि जिस तरह भरत ने 14 सालों तक भगवान श्रीराम की खड़ाऊ रखकर अयोध्या का शासन संभालाए उसी तरह अगले चार महीने तक वह दिल्ली की सरकार चलाएंगी।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम अपने पिताजी द्वारा दिए गए एक वचन को निभाने के लिए 14 साल तक वनवास में रहे इसलिए भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। उनकी जिंदगी हम सभी के लिए मर्यादा और नैतिकता की एक मिसाल है। बिल्कुल उसी तरह केजरीवाल ने इस देश की राजनीति में मर्यादा और नैतिकता की मिसाल रखी है। पिछले दो साल से भारतीय जनता पार्टी ने केजरीवाल पर कीचड़ उछालने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपा ने उन पर झूठे मुकदमे लगाए गिरफ्तार किया और छह महीने तक जेल में रखा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय ने जमानत दीए तब न्यायालय ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी दुर्भावनापूर्ण थी। उन्होंने कहा कि कोई और नेता होता तो मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने से पहले दो मिनट नहीं सोचता लेकिन केजरीवाल ने कहा कि वह तब तक इस कुर्सी पर नहीं बैठेंगे जब तक दिल्ली के लोग उनकी ईमानदारी पर भरोसा नहीं दिखाते और उन्होंने मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफ़ा दे दिया।


उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी केजरीवाल की है। उन्हें पूरा भरोसा है कि चार महीने बाद फ़रवरी में होने वाले चुनाव में दिल्ली के लोग अपने प्यार और भरोसे के साथ फिर से अरविंद केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाएंगे। तब तक यह कुर्सी इसी कमरे में रहेगी और केजरीवाल का इंतज़ार करेगी।

# जैसलमेर में ईटीएफएक घंटे में 5 लाख 19 हजार पौधे लगाकर बनाया वर्ल्ड रिकार्ड



जैसलमेर। राजस्थान के जैसलमेर में एक पेड़ मां के नाम थीम पर प्रादेशिक सेना की 128वीं पैदल वाहिनी ;ईटीएफ के तत्वावधान में एक घण्टे में पांच लाख 19 हजार पौधे लगा कर वर्ल्ड बुक ऑफरिकार्ड दर्ज किया गया। जिला प्रशासन, सेना, सीमा सुरक्षा बल, वायुसेना, पंचायत, वन विभाग एवं नगरपरिषद के सहयोग ये यह अभियान सात अलग-अलग स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया जो सामुदायिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए एकजुट प्रयास को दर्शाता है। यह अभियान मुख्य कार्यक्रम जैसलमेर मिल्ट्री स्टेशन एवं न्यू लिंक रोड रानीसर सहित अन्य चार स्थानों पर आयोजित हुआ है।इस अभियान में बैटल एक्स डिवीजन के मेजर जनरल एच एस बजाजए मैजर जनरल एसएस पाटिलए एडीजी बटालियन योगेंद्र सिंह राठौड़ए जिला कलेक्टर प्रताप सिंह नाथावतए पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, सांसद, जैसलमेर विधायक छोटू सिंह, शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी सहित बड़ी संख्या अधिकारीए जवान एवं सैकड़ों की संख्या में आमजन ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रोजेक्ट एवं प्रशासनिक अधिकारी राणीसर प्लांटेशन साइट मैजर अनंत कुमार सिंह ने बताया कि प्रादेशिक सेना की 128वीं पैदल वाहिनी ;ईटीएफ के तत्वावधान में विशेष पौधारोपण अभियान के तहत रविवार को एक घंटे में कुल पांच लाख 19 हजार 310 पौधे लगाकर वर्ल्ड रिकार्ड दर्ज करवाया है।उन्होंने बताया कि इसमें मिल्ट्री स्टेशन क्षेत्र में दो लाख 57 हजार 820 न्यू लिंक रोड़ राणीसर जैसलमेर में 01 लाख 70 हजार एवं देगराय माता मंदिर सांवता, हियागजी का मंदिर श्रीमोहनगढ, वीरश्री सोढ़ा जी का मंदिर सलखा, सतीमाता मंदिर हमीरा व घोटारु साईट पर 91 हजार 490 पौधे लगाए गए।उन्होंने बताया कि वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड लन्दन द्वारा ईटीएफ को इस वर्ल्ड रिकार्ड के लिए प्रोविजनल सर्टिफ़िकेट भी प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व असम सरकार के वन विभाग द्वारा 3 लाख 31 हजार पौधे 1 घंटे में लगाकर वर्ल्ड रिकार्ड दर्ज किया था। बाद में एक घण्टे में पांच लाख से ज्यादा पेड़ लगाने का रिकार्ड बनने पर प्रावधिक वर्ल्ड बुक ऑफरिकॉर्ड्स लंदन द्वारा मान्यता दी गई है। यह एक घंटे में एक टीम द्वारा लगाए गए सबसे अधिक पौधेए एक घंटे में महिलाओं की एक टीम द्वारा लगाए गए सबसे अधिक पौधे और एक ही स्थान पर एक साथ सबसे अधिक लोगों द्वारा पौधे लगाने का रिकॉर्ड है।

# New Study Bolsters Existing Evidence that Walnuts Support Well-Being for Gen Z



Food plays a big role in everyone's identity, and those born between 1997-2012, commonly known as Gen Z, have been deemed the "foodie generation". Gen Z is driven to a particular food by varied factors, but data suggests foods that support health and well-being by providing energy, managing weight, and fostering mental health are priorities.1,2 Yet when it comes to choosing foods that support these needs, Gen Z, along with millennials and beyond, often overlook a convenient and important food group – tree nuts, including walnuts.

Walnuts and Well-being:- Nuts, including walnuts, are nutrient dense and considered a key component of many recommended dietary patterns, including the Mediterranean and vegetarian diets. They are also recommended for daily consumption in India's new dietary guidelines by National Institute of Nutrition, which highlight that nuts, such as walnuts, as an essential part of a healthy meal. New research further suggests people, especially Gen Z and millennials, should reconsider nuts, like walnuts.

# एसपीसीजीसीए की एनएसएस इकाई ने स्वच्छ भारत के संकल्प के साथ जागरूकता का सन्देश फैलाया





अजमेर। स्वच्छ भारत के लिए स्वभाव और संस्कारों में स्वच्छता लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर चलाई जा रही मुहिम के अन्तर्गत सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं ने मंगलवार को एनएसएस दिवस के उपलक्ष्य पर स्वच्छता ही सेवा की शपथ ली। इस मौके पर जागरूकता का सन्देश फैलाने के लिए रैली का आयोजन कर कचरे का एकत्रीकरण किया।कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रज्वलन एवं एनएसएस गीत के साथ किया गया। एनएसएस प्रभारी डॉ.आशुतोष पारीक ने अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य प्रो डॉ मनोज कुमार बहरवाल ने स्वच्छता के लिए संकल्पित होने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छता का आगाज़ स्वयं से ही शुरु हो सकता है। उन्होंने स्वच्छता को आदत और सम्मान का प्रतीक बनाने पर ज़ोर दिया और स्वच्छता की शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि एवं सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा प्रो सुशील कुमार बिस्सु ने स्वच्छता के लिए तन मन और धन से जुटने की बात कही। बिस्सु ने कहा कि भारत को स्वच्छ बनाने के लिए हमें हर पल प्रयत्नशील होना होगा। कचरा न फैलाएं और न फैलाने दें को आदत बनाना होगा। स्वच्छ भारत ही स्वस्थ भारत की नींव है और वर्तमान युग की पहली आवश्यकता है। विशिष्ट व्याख्यान के अंतर्गत अर्थशास्त्र विभाग के सह आचार्य एवं पूर्व एनएसएस अधिकारी डॉ. अनूप कुमार आत्रेय ने एनएसएस के स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की व्यापकता से परिचित कराते हुए कहा कि भारत का प्राचीन गौरव उसके स्वच्छ और स्वस्थ इतिहास का प्रमाण है। आत्रेय ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के सुदृढता से पोषण करने की बात कही गई है।भारत में पिछले एक दशक से स्वच्छता की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकारी स्तर पर हर सम्भव प्रयास किया जा रहा हैए लेकिन जब तक हमारे स्वभाव में स्वच्छता नहीं आएगीए तब तक स्वच्छ भारत का लक्ष्य प्राप्त करना संभव नहीं है। अतः हम सभी अपने स्वभाव में स्वच्छता का पोषण करें और संस्कारों के द्वारा उसे पूरे समाज में फैलाएँ। राष्ट्रीय सेवा योजना के आयोजन किसी दिन के लिए नहीं अपितु हर दिन के लिए होते हैं। अतः स्वयं स्वच्छ बनें और अन्यों को स्वच्छ बनने का संदेश देने वाले बनें। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. बहरवाल व सहायक निदेशक बिस्सु ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली के जरिए स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छ भारत का संदेश दिया और गन्दगी न फैलाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो. मनोज कुमार यादव, प्रो, जितेन्द्र मारोठिया, प्रो. पोरस कुमार, प्रो, आदित्य शर्मा भी उपस्थित थे। प्रत्येक स्वयंसेवक ने 2.5 किलोग्राम कचरा इकट्ठा करने के लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प भी दोहराया।

# वंदिता राणा बनीं अजमेर की पहली महिला एसपी



अजमेर। नवनियुक्त एसपी वंदिता राणा ने सोमवार शाम पदभार ग्रहण किया। राणा अजमेर की पहली महिला आईपीएस हैं जिन्हें इस जिले की कमान सौंपी गई है साथ ही वे केकड़ी का भी कार्यभार देखेंगी। पदभार संभालने के बाद मीडिया से बातचीत में वंदिता राणा ने स्पष्ट किया कि अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। एसपी वंदिता राणा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता रहेगी कि पुलिस के प्रति अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास पैदा हो। उन्होंने कहा कि यह मेरी पहली जिम्मेदारी होगी कि इस दिशा में कार्य करते हुए पुलिस टीम के साथ एक मजबूत कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के पिछड़े वर्ग और वे जो खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं खासकर महिलाएं और बच्चेए उनके लिए विशेष रणनीति तैयार की जाएगी ताकि वे सुरक्षित महसूस कर सकें।

### लगातार हो रही फायरिंग पर सख्त रुख

अजमेर जिले में हाल के दिनों में हुई फायरिंग की घटनाओं के बारे में पूछे जाने पर एसपी राणा ने कहा कि चुनौतियां पुलिसिंग का हिस्सा होती हैंए लेकिन जो भी घटना हुई है उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी दोहराया कि अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी अपराधी को छोड़ा नहीं जाएगा।

## ब्यावर के कलेक्टर महेंद्र खड़गावत ने कार्यभार ग्रहण किया



अजमेर। राजस्थान में ब्यावर जिले के नवनियुक्त जिला कलेक्टर महेंद्र खड़गावत ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी गौरव बुढ़ानिया ने उनकी अगवानी की और समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों ने बुके एवं पुष्पगुच्छ भेंट करके उनका अभिनंदन किया।कार्यभार ग्रहण के पश्चात खड़गावत ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं एवं बजट घोषणाओं का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों एवं कार्मिकों के सहयोग से ब्यावर जिले को अग्रणी श्रेणी में खड़ा करके साफ सुथरा ब्यावर बनाएंगे। जिलेवासियों को सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने के प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

# कुसुम यादव जयपुर हैरिटेज नगर निगम की कार्यवाहक महापौर नियुक्त



जयपुर। राजस्थान में जयपुर नगर निगम हैरिटेज की महापौर मुनेश गुर्जर के निलंबन के बाद मंगलवार को पार्षद कुसुम यादव को निगम की कार्यवाहक महापौर नियुक्त किया गया है। इस संबंध में स्वायत्त शासन विभाग के जारी आदेश के अनुसार निगम में वार्ड संख्या 74 की पार्षद कुसुम यादव को 60 दिन या राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अन्य आदेश जो भी पूर्व हो तक के लिए अधिकृत किया गया है।कुसुम यादव ने निर्दलीय उम्मीदवार के रुप में पार्षद का चुनाव लड़ा और वह पार्षद चुनी गई थी। महापौर नियुक्त होने के बाद यादव ने कहा कि वह जयपुर शहर में अपने निगम क्षेत्र में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था देने पर ध्यान केन्द्रित करेगी। उल्लेखनीय है कि विभाग ने सोमवार को मुनेश गुर्जर को महापौर एवं नगर निगम सदस्य के पद से निलंबित कर दिया था। वह इससे पहले कांग्रेस सरकार के समय दो बार महापौर से निलंबित हो चुकी हैं और यह तीसरी बार निलंबित हुई हैं। इनके निलंबन के बाद कांग्रेस के आठ पार्षदों ने भाजपा को अपना समर्थन दिया है। जयपुर हैरिटेज नगर निगम में 100 सीटें हैं। वर्ष 2020 के निगम चुनाव कांग्रेस के 47 भाजपा के 42 पार्षद और 11 निर्दलीय पार्षदों ने चुनाव जीता और कांग्रेस की मुनेश गुर्जर महापौर बनी थी।गत वर्ष मुनेश गुर्जर के आवास पर एक छापे दौरान उनके पति सुशील गुर्जर और दो दलालों को दो लाख रुपए की रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद मुनेश गुर्जर को महापौर पद से निलंबित कर दिया गया। इस मामले में उन्हें न्यायालय से राहत मिल जाने पर उन्होंने फिर महापौर का पद संभाल लिया था।

समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

मो. +91 9887907277, 7737385114
Email ID sabgu-runews@gmail.com
अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.
जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

### अवैध भंडारण व रिफिलिंग का भंडाफोड

# अजमेर के दौराई में 185 रसोई गैस सिलेंडर बरामद



अजमेर। राजस्थान में अजमेर के जिला रसद अधिकारी द्वितीय ने दौराई क्षेत्र में दबिश देकर एक मकान के खुले बाड़े में रसोई गैस का अवैध भंडारण और रिफिलिंग का भंडाफोड़ करते हुए 185 गैस सिलेंडर जब्त किए हैं।अजमेर रसद अधिकारी हेमंत कुमार आर्य ने मंगलवार को बताया कि महेंद्र सिंह के खुले बाड़े में रसोई गैस का अवैध कारोबार संचालित किया जा रहा था।

मौके पर पहुंचे जांच दल ने कारोबार विषय में जानकारी अथवा कोई कागजात मांगे तो महेंद्र सिंह कुछ भी दस्तावेज नहीं दे पाया।जांच दल ने 114 व्यावसायिक 70 घरेलू और एक सिलेंडर पांच किलोग्राम वाला जब्त कर लिया। साथ ही अवैध कारोबार में प्रयुक्त दो रिफिलिंग मशीनए दो जुगाड़ पम्प, एक प्लेटफार्म कांटा, एक कार्टून सिलेंडर सैफ्टी कैप 200 नग भी जब्त कर लिए गए। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष किया जाएगा।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)